# गोमांस की तस्करी करने वालों का निकाला जुलूस

## थाना देहात पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

**छिंदवाड़ा, 4 अगस्त. गौ मांस की तस्करी करने वाले चार तस्करों को देहात थाना पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया और उनका जुलूस निकाल कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया.**



पुलिस ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अजय पांडे ने गौवंश तस्करी सहित गौ मांस की तस्करी करने वालों के खिलाफ अभियान चला कर कार्रवाई करने के निर्देश दिया है. जिसके बाद पुलिस ने गौ तस्करी में लिप्त लोगों धड़पकड़ कर रही है. पुलिस ने बताया कि 3 अगस्त को प्रार्थी नीरज पिता बिरजू नागवंशी उम्र 29 वर्ष निवासी नोनिया करबल की सूचना पर गुलाबी ढाबा के पास मोहरली रोड से एक व्यक्ति को बिना नम्बर की ग्लेमर मो.सा. में दो बोरियो में 70 किलो गौ मांस की तस्करी करते गिरफ्तार किया गया. पुलिस की पूछताछ पर आरोपी ने अपना नाम दिलीप पिता धीरन लाल परतेती निवासी छिन्दी का रहने वाला बताया जब उक्त आरोपी से कड़ाई से पूछताछ की गई तो आरोपी द्वारा छिन्दी के पास स्थित सीतारेवा नदीं के किनारे ग्राम छिन्दी के सुभराती मुसलमान एवं और उसके दोनों लडके विक्की एवं अंसार उर्फ छोटू के साथ मिल कर काटना एवं छिन्दवाड़ा के मोटू उर्फ इंत्याज खान, फिरोज खान एंव अन्य लोगों को गौ मांस बेचने के संबंध में जानकारी देने पर थाना देहात में मामला कायम कर विवेचना में लिया गया.

**परीक्षक के लिए मांस के सैंपल भेजे**

थाना प्रभारी राजपूत ने कहा कि मामला अत्यंत संवेदनशील है और पुलिस हर पहलू पर गंभीरता से जांच कर रही है. मांस के सैंपल को परीक्षण के लिए भेजा गया है, रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी. पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद पूरे मामले में विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी. गौ मांस तस्करी में लिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने में थाना देहात प्रभारी निरी. जी.एस. राजपूत, सउनि. संदीप सिंह राजपूत, सउनि राजेश रघुवंशी, प्र.आर. मंगलसिंह, सायबर सेल प्र.आर. नितिन, शेरसिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

**इनको दबोचा**

गौ मांस तस्करी के मामले में थाना देहात पुलिस ने आरोपी दिलीप पिता धीरनलाल परतेती उम्र 40 साल निवासी ग्राम छिंदी थाना तामिया, मोटू उर्फ इंत्याज पिता इकबाल जाति मुस्लमान उम्र 55 साल निवासी शिवनगर कालोनी थाना कोतवाली, फिरोज पिता रमजान खान उम्र 48 साल निवासी सागर पेशा उंटखाना थाना कोतवाली छिंदवाडा, अंसार उर्फ छोटू पिता मकबूल उर्फ सुवराती उम्र 29 साल निवासी छिंदी थाना तामिया को गिरफ्तार किया है.

# स्कॉर्पियों से जप्त किया अवैध मादक पदार्थ

**नीमच नार्कोटिक्स विंग की हाईवे पर बड़ी कार्यवाही**

**नीमच 4 अगस्त. नार्कोटिक्स विंग नीमच ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ एक बड़ी कार्यवाही को अंजाम देते हुए लक्जरी कार से अवैध नशा जप्त किया है.**



विंग की कार्यवाही को असफल करने के लिए तस्कर ने पुलिस वाहन को टक्कर मारते हुए भागने की कोशिश भी की, जो कि विंग के टीम ने नाकाम कर दी. मुखबीर की सूचना मिलते के बाद नार्कोटिक्स विंग की गठित टीम ने भाटखेड़ा हाईवे पर एक ब्लैक कलर की स्कॉर्पियों एन कार का पीछा किया. इस दौरान स्कॉर्पियों कार सवार तस्कर ने पहले पुलिस वाहन को टक्कर मारते हुए भागने का प्रयास किया. फिर पुलिस ने घेराबंदी कर वाहन को जप्ती में ले लिया. विंग ने स्कॉर्पियों कार से बड़ी मात्रा में डोडाचूरा जप्त किया, व आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू की है.

# कार की टक्कर से दो वर्षीय मासूम की मौत

**वाहन 16 साल का नाबालिग चला रहा था**

**रतलाम, 4 अगस्त. शहर के औद्योगिक थान क्षेत्र अंतर्गत अलकापुरी में सोमवार सुबह घर के बाहर खेल रहे दो साल के बच्चे को कार ने टक्कर मार दी. कार नाबालिग चला रहा था. बच्चे के परिजन तत्काल प्राइवेट हॉस्पिटल लेकर गए. वहां से मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया. जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.**



मृतक बालक का नाम ऋषिक पिता सचिन तिवारी 2 वर्ष हैं. ऋषिक पूर्व क्राइम ब्रांच अधिकारी रमेश तिवारी का पोता हैं. बच्चा घर के अंदर खेल रहा था. खेलते हुए अचानक से घर के बाहर आया. तभी शनि मंदिर की तरफ से आई कार ने टक्कर मार दी. टक्कर से बच्चे के सिर में चोंट आने से वह बेसुध हो गया. इसी दौरान घर के सदस्य व पडोसी भी आ गए. तुरंत बेटे को लेकर परिजन 80 फीट रोड स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल लेकर पहंचे, वहां से उसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया. जहां डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया.

मृतक बच्चा जुड़वा था. घटना के पहले दोनों भाई घर के अंदर खेल रहे थे. कार से टकराने के कुछ देर पहले ऋषिक दादी की गोद में था. दादी के हाथ में पूजा की थाली होने के कारण उसे नीचे उतारा था., वह दौड़ता हुआ घर से बाहर निकला. इसी दौरान कार की टक्कर लग गई . बच्चे की मौत के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हैं. जिस कार से टक्कर हुई है वह 16 साल का नाबालिग चला रहा था. बालक उसी क्षेत्र में किराये के मकान में रहकर पढ़ाई करता हैं. पिता गांव से सुबह कार से बेटे से मिलने आए थे. तभी बेटे ने पिता से कहा कार से एक चक्कर लगाकर आता हूं. उसी दौरान गली में बच्चा कार की टक्कर से घायल हो गया.

डीएसपी अजय सारवान ने बताा कि कार नाबालिग चला रहा था. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि नाबालिग कार लेकर एक राउंड लगाने के लिए घर से निकला था. अचानक बच्चा खेलते हुए बाहर आया. कार की चपेट में आने से उसकी दुखत मौत हो गई. बालक और उसके पिता पर अपराध दर्ज किया हैं.

# नोटों और बिलों से भरे दो बैग चोरी

**जबलपुर.** मदन महल थाना अंतर्गत स्नेह नगर में नोटों और बिलों से भरे व्यापारी के दो बैग चोरी हो गए. चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है. पुलिस ने बताया कि अंकुर कुकरेजा 32 वर्ष निवासी स्नेह नगर मदनमहल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह शक्कर तेल का व्यापारी है. बीती रात्रि 2.00 से 2.30 बजे रात में खाना खाकर सो गया था, सुबह उठकर देखा तो पोर्च का दरवाजा खुला हुआ था. शंका होने पर कमरे मे जाकर देखा, कमरे में रखे दो कपडे के बैग नहीं थे, जिसमे वसूली के नगदी 90, 000 रूपये एंव शक्कर तेल के बिल नहीं थे.

# हत्या के आरोपी का अतिक्रमण ढहाया

**2 स्थानों पर बना रखी थी टपरियां, पुलिस, प्रशासन की टीम ने की कार्रवाई**

**बुरहानपुर . 35 साल की भाग्य नामदेव धानुक की चाकू से गला रेतकर निर्मम हत्या करने वाले शेख रईस का संजय नगर स्थित रेलवे ओवरब्रिज के नीचे पसरा अतिक्रमण प्रशासन, पुलिस की टीम ने नपा, नेपा मिल के साथ मिलकर ध्वस्त कर दिया.**



आरोपी ने यहां काफी हिस्से में अतिक्रमण कर भैंसों का तबेला बना रखा था. साथ ही एक स्थान पर टपरी में भैसों के लिए चारा रखता था. दरअसल आरोपी दूध का कारोबार करता था इसलिए उसने यहां तबेला बना रख था. घटना के दिन से ही मांग की जा रही थी कि आरोपी के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई होना चाहिए. उसका अवैध अतिक्रमण तोड़ा जाना चाहिए तब प्रशासन ने एक दिन पहले उसकी वैध, अवैध संत्तियों की जांच कराई. सोमवार दोपहर 3 बजे एसडीएम भागीरथ वाखला के नेतृत्व में टीम संजय नगर ओवरब्रिज के नीचे पहुंची. यहां जेसीबी से आरोपी का अवैध अतिक्रमण ध्वस्त किया गया.


गौरतलब है कि शुक्रवार रात नेपानगर निवासी शेख रईस पिता शेख आसिफ ने नावरा में घर में घुसकर भाग्यश्री नामदेव धानुक की चालू से गला रेत था.

# तालाब में नहाने गई बहने की डूबी

## परिजनों के साथ खेत में काम करने के बाद पहुंची थी स्नान करने

- **गोताखोरों की मदद से दोनों के शव बाहर निकाले**
- **घटना के बाद पुलिस ने पहुंचकर बनाया पंचनामा**

**पांढुरना, 4 अगस्त. परिजनों के साथ दिन भर खेत में काम करने के बाद तालाब में नहाने गई ग्राम राजडोंगरी की दो बहनों की पानी में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई.**



रविवार को स्कूल को छुट्टी होने से नांदनवाडी पुलिस चौकी क्षेत्र के आदिवासी बाहुल्य ग्राम राजडोंगरी निवासी राजकुमार परतेती की 11 वर्षीय लड़की वैशाली तथा 6 वर्षीय अर्पिता परिवार के अन्य सद्स्यों के साथ सुबह ही इनके पुश्तेनी खेत गए थे,जहां इन दोनों बहनों ने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर पूरे दिन खेत में काम करने के बाद शाम को वापस घर जाने की बात कहते हुए खेत से निकली, लेकिन देर शाम तक यह दोनों ही घर नहीं पहुंचने पर परिजनों द्वारा इनकी तलाश शुरू की गई . ग्रामीण तथा परिजन को इन दोनो लडकियों के कपडे खेत के पास वाले एक तालाब के किनारे मिलने पर गोताखोरों की मदद से इन उक्त दोनों लडकियों के शव इस तालाब से बाहर निकाले.

सूचना पर घटना स्थल पहुंचे नांदनवाडी पुलिस के अधिकारियों द्वारा पंचनामा कार्यवाही बाद इन लड़कियों के मृत शरीर को नगर जिला मुख्यालय लाया जहां सोमवार को इनका पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौप जांच की जा रहीं है .

# कागज की पुड़िया में पत्थर थमा कर सोने की चेन ले उड़े बदमाश

**पुलिसकर्मी बनकर वृद्धा सोने की चेन लूटी**

**रतलाम, 4 अगस्त. शहर में सोमवार सुबह बदमाशों ने नकली पुलिसकर्मी बनकर वृद्धा को शिकार बना लिया. बदमाश वृद्धा के गले से चेन उतराकर कागज की पुड़िया में पत्थर थमा कर चले गए.**

वारदात हेमकन्या पति स्व. पुरणसिंह निवासी कर्मचारी कॉलोनी रतलाम के साथ हुई. फरियादी की रिपोर्ट के अनुसार वह 80 फीट रोड क्षेत्र से गुजर रही थी तभी एक व्यक्ति महिला के पास आया. उसने अपने को पुलिस वाला बताया. उसने पास बुलाकर कहा कि सोने की चेन गले में मत पहना करों, बहुत चोरियां हो रही हैं. वृद्धा ने कहा कि मेरा घर पास में ही है मैं घर जाकर चेन खोलकर रख दूंगी. उसके बाद भी नकली पुलिसकर्मी बने अज्ञात व्यक्ति नहीं माने और वृद्धा के गले से सोने की चेन उतरवाई. आरोपी चेन लेकर दूसरे व्यक्ति को कागज में चेन बांधने के लिए दे दी. बदमाशों ने कागज में चेन रखने का नाटक कर कागज वृद्धा को दे दिया. वृद्धा ने जब कागज की पुड़िया खोलकर देखी तो उसमें दो पत्थर निकले.

# बच्चों के शव असली पिता को सौंपे

## ढांचा भवन में हुआ था हत्याकांड

**देवास 4 अगस्त. शहर के ढांचा भवन में हुए हत्याकांड में जान गंवाने वाले बच्चों का असली पिता मथुरा से अपने अन्य रिश्तेदारों के साथ देवास पहुंचा. यहां कानूनी प्रक्रिया पूरी कर पीएम रुम में रखे दोनों बच्चों के शव उसे सौंप दिए गए. जिसे लेकर पिता व अन्य लोग दोपहर में दो निजी वाहनों से मथुरा के लिए रवाना हुए.**

इधर औद्योगिक थाना पुलिस ने आरोपी लोकेंद्र मालवीय को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे 6 अगस्त तक रिमांड पर पुलिस को सौंप दिया है. रविवार को विष्णु कटारा उसकी बहन, जीजा, भाई सहित 10 लोग देवास में सबसे पहले औद्योगिक थाने पर पहुंचे. यहां महिला प्रिया को देखा तो पति और बहन ने आपा खो दिया. उससे सवाल-जबाव करते हुए मारने दौड़े. पुलिस ने हस्तक्षेप कर महिला को बचाया. महिला के चेहरे पर बच्चों को खोने का कोई गम नजर नहीं आया. बच्चों की बुआ नीतू ने कहा कि मुझे बोल देती बच्चे ले जाओ तो ले जाती तूने बच्चों को मरवा क्यों दिया तो महिला प्रिया बोली ले जाती क्यों नहीं आई जबाव देती रही. पति विष्णु कटारा ने बताया कि मेरे तीन बच्चे थे. दो बेटे और एक बेटी. बड़े बेटे को मैं पीथमपुर से घर ले गया था. पत्नी और लोकेंद्र ने उसका हाथ भी जला दिया था. यदि वह देवास में होता तो आज उसकी भी हत्या हो जाती. वह 9 साल का है. मेरी बहन के पास मथुरा में रहता है.

**मैं शव घर नहीं ले जा सकता...**

मृत बच्चों के पिता विष्णु कटारा ने बताया दोनों छोटे बच्चे हैं इसलिए उनकी दाह संस्कार नहीं कर सकते हैं. चंबल नदी में जलप्रवाह (जल दाग) करेंगे. मैं शव घर भी नहीं ले जा सकता हूं मेरे माता पिता इनके मृत शरीर नहीं देख पाएंगें. अंतिम संस्कार के बाद घर पहुंचेंगे.

# डीईओ का औचक निरीक्षण, बिना सूचना गायब रहे शिक्षक

**जर्जर स्कूलों में कक्षाएं नहीं लगाने की दी हिदायत**

**जबलपुर, 4 अगस्त. जिले में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने सोमवार को जबलपुर शहर में कई विद्यालय में डीईओ पहुंचे, जहां उन्होंने शिक्षकों की बैठक लेते हुए जर्जर कमरों में कक्षायें नहीं लगाने की दी हिदायत दी.**



इसके अलावा गढ़ा के विद्यालय में तीन शिक्षकों को बिना अनुमति प्रवेश पर जाने को लेकर नोटिस भी जारी किए. जानकारी के अनुसार डीईओ घनश्याम सोनी ने शासकीय रानी दुर्गावती कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गंगा नगर गढ़ा, शासकीय उमा विद्यालय सह शिक्षा गढ़ा बाजार तथा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कमला नेहरू नगर का जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने औचक निरीक्षण किया. शिक्षा अधिकारी ने विद्यालयों में शिक्षकों की बैठक भी ली. उन्होंने शाला प्राचार्यों एवं शिक्षकों को क्षतिग्रस्त कमरों में कक्षायें नहीं लगाने की सख्त हिदायत दी.

# 34 हजार की नशीली सिरप जब्त

**पुलिस ने छापा मार कार्यवाही करते हुए 170 शीशी जब्त की**

**सीधी, 4 अगस्त. कोतवाली पुलिस ने छापा मार कार्यवाही करते हुए 170 शीशी नशीली सिरप कीमती 34 हजार रुपए जब्त करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया.**

पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अमन मिश्रा के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक कन्हैया सिंह बघेल के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने अवैध रूप से प्रतिबंधित नशीली सिरप बेचने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है. पुलिस के अनुसार थाना प्रभारी कोतवाली को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि इंदिरानगर निवासी विजय साकेत उर्फ मोनू अपने घर में प्रतिबंधित नशीली सिरप बिक्री हेतु रखे हुए है. सूचना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए एक पुलिस टीम का गठन किया गया. टीम ने मौके पर पहुंचकर संदिग्ध व्यक्ति विजय साकेत उर्फ मोनू पिता लाला साकेत उम्र 29 वर्ष, निवासी इंदिरानगर को चिन्हित किया. तलाशी के दौरान आरोपी के मकान की ओसारी में रखी एक बोरी से 170 सीसी प्रतिबंधित नशीली सिरप, जिसकी अनुमानित कीमत 34 हजार रूपए बरामद की गई.

आरोपी को गिरफ्तार कर थाना लाया गया एवं विधिवत मामला पंजीबद्ध कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया. जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल सीधी भेजा गया है. इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक कन्हैया सिंह बघेल, सहायक उप नरीक्षक राजमणि रजक, प्रधान आरक्षक रणबहादुर, प्रधान आरक्षक तिलक राज सिंह, आरक्षक बालेंद्र सिंह एवं महिला आरक्षक प्रिया तिवारी की सराहनीय भूमिका रही.



# नोटों और बिलों से भरे दो बैग चोरी

**जबलपुर.** मदन महल थाना अंतर्गत स्नेह नगर में नोटों और बिलों से भरे व्यापारी के दो बैग चोरी हो गए. चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है. पुलिस ने बताया कि अंकुर कुकरेजा 32 वर्ष निवासी स्नेह नगर मदनमहल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह शक्कर तेल का व्यापारी है. बीती रात्रि 2.00 से 2.30 बजे रात में खाना खाकर सो गया था, सुबह उठकर देखा तो पोर्च का दरवाजा खुला हुआ था. शंका होने पर कमरे मे जाकर देखा, कमरे में रखे दो कपडे के बैग नहीं थे, जिसमे वसूली के नगदी 90, 000 रूपये एंव शक्कर तेल के बिल नहीं थे.


# कंटेनर की टक्कर से मां और बेटे की मौके पर मौत

**मंडला-जबलपुर पर हादसा, 3 बाइक सवारों भी घायल**


**मंडला.** मंडला-जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग में सोमवार दोपहर एक तेज रफ्तार कंटेनर तीन बाईक सवार को जोरदार टक्कर मारकर आगे फरार हो गया. कंटेनर की टक्कर से एक बाइक सवार मां-बेटे की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. हादसा फूलसागर क्षेत्र के वेलवेदर स्कूल के सामने हुआ. हादसे की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई. सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पहुंची और फरार कंनटेर को पकडने टिकरिया थाना पुलिस को सूचना दी. जिसके बाद भागते कंनटेर को टिकरिया पुलिस ने पकड़ कर कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया. जानकारी अनुसार रायपुर की तरफ से आ रहे एक तेज रफ्तार कंटेनर ने पहले एक बाइक को जोरदार टक्कर मार दी. इस टक्कर में नारायणगंज चिरईडोंगरी निवासी 43 वर्षीय महिला संगीता बर्मन और उसके 21 वर्षीय बेटे मोहित बर्मन की घटना स्थल पर ही मौत हो गई.



**कार्रवाई** ▶ इमलीखेड़ा में स्थित शॉपिंग कॉप्लेक्स पर निगम अमले ने की कार्यवाही

# नगर निगम ने 21 दुकानों पर लगाए ताले

**छिंदवाड़ा, 4 अगस्त. बकायदारों के खिलाफ नगर निगम ने शख्त रूख अपना लिया है. आज नगर निगम के अमले ने इमलीखेड़ा में स्थित शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में स्थित 21 दुकानों पर तालाबंदी की कार्यवाही की गई है.**



उक्त दुकान के संचालकों ने दुकान का किराया जमा नही किया था जिसके बाद नगर निगम ने यह कार्यवाही की है. बताया जा रहा है कि इमलीखेड़ा चौराह पर नगर निगम ने शॉपिंग कॉम्पलेक्स का निर्माण कर दुकाने निलाम की थी लेकिन दुकानदारों द्वारा उक्त दुकान की पूरी राशि जमा नहीं की गई. आज नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय के निर्देश पर इमलीखेड़ा स्थित नगर निगम के शॉपिंग कांप्लेक्स में यह कार्यवाही की गई. जिन 21 दुकानदारों पर यह कार्यवाही हुई उनके द्वारा दुकान क्रय शर्तों का उल्लंघन कर दुकान की पूर्ण राशि जमा नहीं की जाना पाया गया इन दुकानदारों से ननि को लगभग 1.5 करोड़ वसूल करना शेष है. नगर निगम आयुक्त द्वारा इन सभी को अंतिम नोटिस जारी कर 31 अगस्त तक पूर्ण राशि करने हेतु निर्देशित किया है. राशि जमा नहीं करने पर ननि द्वारा उक्त दुकानों के आवंटन के निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी.

**पूर्व में दिए थे नोटिस**

नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि शॉपिंग कॉम्पलेक्स की दुकानों की पूरी राशि जमा नही करने पर नगर निगम ने बकाया वसूली को लेकर पहले भी कई बार लिखित नोटिस और मौखिक समझाइश दी गई थी, लेकिन इसके बावजूद दुकानदारों द्वारा भुगतान नहीं किया. जिसके बाद नगर निगम की राजस्व टीम ने यह कार्यवाही की है.

# बिना परमिट के चल रहे दस वाहन जप्त

**सिंगरौली 4 अगस्त.** दूसरे प्रांतो से सिंगरौली के एनसीएल के ओबी कंपनियों में डीजल खपाने वालों के विरूद्ध कलेक्टर ने आज जांच करने के लिए संयुक्त टीम जयंत भेजा था. जहां डिप्टी कलेक्टर, आरटीओ, खाद्य आपूर्ति अधिकारी की संयुक्त टीम ने जांच किया. इस दौरान 10 वाहन भी बिना परमिट के पाये गये. जिसमें पॉच स्कूल वाहन शामिल हैं. कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के निर्देश पर आज डिप्टी कलेक्टर नन्दन तिवारी, खाद्य आपूर्ति अधिकारी पीसी चन्द्रवंशी एवं जिला परिवहन अधिकारी, विक्रम सिंह राठौर ने स्टाफ के साथ जयंत के मुड़वानी मार्ग पर वाहनों का विशेष जांच पड़ताल शुरू किया.

# आरोपी सटोरिया दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार

**व्यवसायी पर जानलेवा हमला करने के मामले में चल रहा था फरार**

**कटनी, 4 अगस्त. कोतवाली थाना क्षेत्र के सब्जी मंडी गुरूनानक मार्केट के पास डॉक्टर पाल गली में युवा व्यवसायी पर जानलेवा हमला करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी विनय वीरवानी को दिल्ली एयरपोर्ट में हिरासत में लिया गया है.**

आरोपी के खिलाफ लगभग पांच महीने पहले पुलिस ने लुकआउट नोटिस जारी किया था. जिसके बाद नोटिस को देश के सभी एयरपोर्टों में भेजा गया था, इसी नोटिस के कारण विनय वीरवानी को दिल्ली एयरपोर्ट में पकड़ा गया है. आरोपी विनय वीरवानी के पकड़े जाने की जानकारी मिलने पर कटनी से कोतवाली पुलिस टीम को सोमवार को दिल्ली रवाना किया गया है. दिल्ली पहुंचने के बाद पुलिस टीम एयरपोर्ट की सुरक्षा एजेंसी से आरोपी विनय वीरवानी को अपने अभिरक्षा में लेकर कटनी लाएगी.

**आक्रोशित विधायक ने लगाया था जनता दरबार**

व्यवसायी युवक के हमले के बाद बढ़ते अपराधों के विरोध में शहर बंद करने को लेकर विधायक संदीप जायसवाल द्वारा फरवरी माह में जनता दरबार लगाया था. जनता दरबार में पहुंचे तत्कालीन पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन ने अपराधों की रोकथाम के लिए शहर में पुलिस गश्त बढ़ाने, पुलिस कार्यप्रणाली को और बेहतर करने का आश्वासन दिया था. जिसके बाद शहर बंद करने के निर्णय को वापस ले लिया गया था. विधायक ने पुलिस अधीक्षक से अपराधों में अंकुश लगाने के लिए कहा था. तब चर्चाएं थी कि सटोरिये विनय एवं कुख्यात अपराधी राहुल बिहारी से पुलिस की नजदीकियां हैं, इसी वजह से राहुल बिहारी खुलेआम लोगों को धमकाकर वसूली करता था. उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर में राहुल बिहारी उसका भाई करण बिहारी, विनय वीरवानी और उसके साथी आतंक का पर्याय बन हुए थे और पुलिस हाथ पर हाथ रखे बैठी थी. अब विनय की गिरफ्तारी और जिले में तेजतर्रार युवा कप्तान होने के कारण कई राजों से पर्दा हटने की उम्मीद है.